सांकेतिक हड़ताल पर रहे कॉरुगेटेड व्यवसायी

पूर्वी क्षेत्र में बंद रही इकाइयां

कोलकाता,30 मार्च (का.सं.)। कॉरुगेट व्यवसाय को बचाने की मुहिम के तहत मंगलवार को कारुगेटेड व्यवसायी हड़ताल पर रहे। ईस्टर्न इंडिया कॉरुगेटेड मैन्यूफेक्चरर्स एसोसिएशन (इक्मा) के अध्यक्ष हेमंत सरावगी ने बताया कि कोरुगेटेड व्यवसाय बंद होने के कगार पर है। कच्चे माल की कीमत 30 से 40 प्रतिशत बढ़ा दी गई है। जिस कारण व्यवसायियो को व्यवसाय चलाना मुश्किल हो रहा है। इसे देखते हुए ही हमने मंगलवार को सांकेतिक हड़ताल की थी। हड़ताल के समर्थन में पूर्वी क्षेत्र की करीब 250 इकाइयां बंद रहीं। झारखंड,असम,उड़ीसा सहित अन्य पूर्वी क्षेत्रों में इक्मा की इकाइयां बंद रहीं। हड़ताल का व्यापक प्रभाव पड़ा है। हमारी मांग है कि आयात शुल्क पर कस्टम ड्यूटी कम की जाएं।